Chattanchal Thekkil P.O. MIC ARTS & SCIENCE COLLEGE KASARAGOD

K21U 3499

II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc. (L.R.P.) Degree (CBCSS – OBE-Sup./Imp.) Examination, April 2021
(2019 Admission Only)
Additional Common Course in Hindi
2A08 – 2HIN : SAHITHYA AUR PRAYOG

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×7=7)

1) 'यह सच है' कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

2) 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य पर अपना विचार लिखिए ।

II. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2×5=10)

3) कानपुर वूलन मिल्स कं. को ऊनी कपड़ों के भावों के विषय में पूछ ताछ का पत्र लिखिए । आवश्यक ब्यौरा अपनी ओर से दें ।

4) भगतजी एण्ड संस, नागपुर को आप स्मरण-पत्र भेजकर भुगतान भेजने की याद दिलाते रहे हैं । उनसे भुगतान स्मरण-पत्र भेजने पर भी प्राप्त नहीं हुआ है । अब उनको यथाशीघ्र भुगतान भेजने के लिए अंतिम पत्र लिखिये, ताकि वैधानिक कार्यवाही न करनी पड़े ।

5) आपने अपनी दुकान में श्रृंगार-प्रसाधनों का एक नया विभाग खोला है । अपने ग्राहकों को इसकी सूचना देते हुए एक पत्र लिखिये ।

III. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1×5=5)

6) अपने एक पसंदीदा खिलाड़ी के साथ संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) कॉलेज की आगामी प्रवृत्तियों के बारे में अपने प्राचार्य के साथ संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

8) भाववाचक संज्ञा क्या है ? उदाहरण लिखिए ।

9) विशेषण की परिभाषा लिखकर उसके भेद बताइए ।

10) कारक क्या है ? उसके कितने प्रकार हैं ? नाम लिखिए ।

11) सर्वनाम की परिभाषा लिखकर उसके भेद बताइए ।

P.T.O.

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए। (5×1=5)

12) ईद का चाँद होना।

13) श्रीगणेश करना।

14) छोटे मुँह बड़ी बात।

15) न रहे बाँस न बजे बाँसुरी।

16) रास्ते पर आना।

VI. किसी एक खंड का अंग्रेजी या मलयालम में अनुवाद कीजिए। (5×1=5)

17) साल का पहला दिन है। जो वर्ष कल तक था वह सदा के लिए चला गया है। अब वह वापस नहीं आएगा। काल अनन्त है। समय का प्रवाह अजस्र है, निरन्तर है। पिछला साल बीत गया। अब नया साल चालू हुआ। लेकिन बीच में जोड़ दिखाई नहीं पड़ता है। जलधार की तरह ही समय की धारा है। नदी बहकर अनन्त समुद्र में विलीन हो गया और नया साल शुरू हो गया। दिन, रात, पक्ष, मास और साल तो माप हैं। समय के नापने के पैमाने हैं। दिन और रात छोटे-बड़े हो सकते हैं अर्थात् माप छोटा-बड़ा हो सकता है लेकिन मापी जाने वाली चीज़ तो छोटी-बड़ी नहीं होती है। समय अनन्त है, अक्षय है।

18) महात्मा बुद्ध का जन्म २५०० वर्ष पूर्व हुआ था। वे अहिंसा के महान प्रचारक थे। उनका कहना था कि सबके प्रति दयालु रहना हमारा कर्तव्य है। एक दिन उन्होंने एक वृद्ध मनुष्य को देखा। तत्पश्चात् उन्होंने एक मृत व्यक्ति को देखा। इस पर उन्हें हार्दिक वेदना हुई। उन्होंने अपना गृह त्याग दिया और तपस्या के लिए वनों में चले गये। वे वहाँ छः वर्ष तक रहे और अन्त में एक दिन उन्हें अपनी इच्छित वस्तु प्राप्त हो गयी। उस दिन से वे बुद्ध कहलाये। उन्होंने 'बौद्ध धर्म' नामक एक नये धर्म प्रचार भी किया।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1=4)

19) राधामणी इस कक्षा की सबसे लम्बी लड़की है। वह रोज शाम को बगीचे में टहलने जाती है। उसका घर दिल्ली में है। दिल्ली एक शान्त शहर है। राधामणी पहले मुम्बई में पढ़ती थी। अगले साल अपने पिताजी के साथ वह कानपुर जाएगी।

1) इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए।

2) सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए।

3) विशेषण शब्द लिखिए।

4) वर्तमान, भूत और भविष्यत काल के क्रिया शब्दों को अलग अलग चुनकर लिखिए।